# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

**क्रमांकः प.14(131)RSSB/अर्थना/NHM/संविदा/ 2024/** **दिनांक :**

## –::संशोधित विज्ञप्ति::–

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं राजस्थान मेडिकल एज्यूकेशन सोसायटी के विभिन्न संवर्ग के संविदा के पदों हेतु सीधी भर्ती–2025**

बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जयपुर, राजस्थान एवं राजस्थान मेडिकल एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर, राजस्थान, के लिये विज्ञापन संख्या 01/2025 दिनांक 28.01.2025 को जारी कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 22 संवर्ग एवं राजस्थान मेडिकल एज्यूकेशन सोसायटी के 07 संवर्ग के संविदा के पदों पर ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये गए हैं। उक्त भर्ती में विभागीय कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :–

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 22 संवर्गों के 8256 पदों की भर्ती हेतु अर्थना प्रेषित की गयी थी, जिसके संदर्भ में विभाग द्वारा संविदा कार्यक्रम सहायक एवं कनिष्ठ कार्यक्रम सहायक संवर्ग के 146 संविदा पदों को बोर्ड द्वारा आयोजित की जा रही भर्ती से पृथक किये जाने हेतु लिखा है। अतः संविदा कार्यक्रम सहायक एवं कनिष्ठ कार्यक्रम सहायक में पदों को उक्त विज्ञापन से विलोपित कर इस पद की भर्ती प्रक्रिया निरस्त की जाती है।

संविदा मेडिकल लैब टैक्नीशियन के 414 पदों एवं संविदा लैब टैक्नीशियन के 321 पदों की विभागीय प्रावधानों के अनुसार शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार संशोधित की जाती हैः–

1. Senior Secondary in Science with Biology/ Mathematics subject
2. Diploma in Medical Lab Technician or Diploma in Blood Bank Technology and
3. Registered in Rajasthan Para Medical Council (वर्तमान नाम Rajasthan State Allied & Healthcare Council)

ऑनलाइन आवेदन करने हेतु पंजीयन शुल्क **दिनांक 02.04.2025 से दिनांक 01.05.2025 रात्रि 23.59 बजे** तक भरे जा सकेंगे। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि उक्त संशोधित एवं पूर्व में जारी विज्ञप्ती अनुसार अन्तिम दिनांक का इन्तजार किये बिना निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें।

*विज्ञप्ति की शेष शर्तें पूर्व विज्ञापन संख्या 01/2025 दिनांक 28.01.2025 एवं संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 18.03.2025 के अनुसार यथावत रहेंगी।*

**(डॉ. बी.सी. बधाल)**
**सचिव**

**क्रमांकः प.14(131)RSSB/अर्थना/NHM/संविदा/ 2024/** **दिनांक :**

**प्रतिलिपि निम्न को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग, जयपुर।
मिशन निदेशक, एनएचएम, जयपुर।
निदेशक, राजस्थान मेडिकल एज्यूकेशन सोसाइटी, जयपुर (राजमेस)।

- प्रभारी अधिकारी, आई.टी. अनुभाग, RSSB, जयपुर को संशोधित विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।

सचिव

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2025.04.01 18:11:53 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 14508937